2.00 P.M.

The House is adjourned till 2 o'clock.

The House then adjourned for lunch at forty-three minutes past twelve of the clock.

The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (राजस्थान) : माननीय उपसभापति महोदय, ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : यह अंतरिम बजट है, इसको रख लेने दो।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : मैं रखने से पहले कुछ कहना चाहता हूं। ...**(व्यवधान)**... मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि भाषण हुआ ही नहीं।

श्री उपसभापति : कौन सा भाषण।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : अभिभाषण।

श्री उपसभापति : अभी नहीं।

THE INTERIM BUDGET (JHARKHAND), 2009-2010

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL) : Sir, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the State of Jharkhand for the year 2009-2010. [Placed in Library. *See* No. L.T. 10517/09]

SUPPLEMENTARY DEMANDS FOR GRANTS (JHARKHAND) 2008-2009

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL) : Sir, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) showing the Supplementary Demands for Grants (Jharkhand) for the year 2008-2009. [Placed in Library *See* No. L.T. 10518/09]

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Shri Jai Prakash Aggarwal...*(Interruptions)*... Please move the Motion ...*(Interruptions)*...

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी (राजस्थान) : माननीय उपसभापति महोदय, धन्यवाद प्रस्ताव पर मूव करने के लिए आपने इजाजत दी है। मैं पोइंट ऑफ् आर्डर उठाना चाहता हूं।

श्री उपसभापति : बताइए।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : माननीय उपसभापति महोदय, यह बात सच है कि 12 फरवरी, 2009 को संयुक्त अधिवेशन में माननीया राष्ट्रपति महोदया ने अभिभाषण किया और उस पर धन्यवाद प्रस्ताव आपकी अनुमति से जायसवाल जी ला रहे है। किंतु मेरा यह कहना है कि वह अभिभाषण अभिभाषण ही रहे, मैं आपके सामने विधान को कोट करना चाहता हूं।

श्री उपसभापति : आपका पाइंट ऑफ् आर्डर क्या है, वह तो बताइए।

श्री ललित किशोर चतुर्वेदी : वही तो बतला रहा हूं।